<u>प्रसार भारती</u>

<u>आकाशवाणी शिमला</u>

<u>13.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे</u>

<u>पैंशनर</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य के विकास में पैंशनरों और कर्मचारियों के अमूल्य योगदान को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वे आज शिमला में उनसे मिलने आए हिमाचल प्रदेश पैंशनर्ज संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमण्डल से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विभागाध्यक्षों को चार दिन के भीतर चतुर्थ श्रेणी के पैंशनरों के बकाया का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पैंशन भोगियों और कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी मामलों को भी चार दिन में निपटाने के लिए कहा गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार हर स्थिति में ओ.पी.एस. के लाभ जारी रखेगी।

....

<u>हाईकोर्ट</u>

प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिमला स्थित कमला नेहरू अस्पताल को आई.जी.एम.सी. शिफ्ट करने पर रोक लगा दी है। इस मामले में दायर की गई एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बिपिन चन्द्र नेगी की खण्डपीठ ने ये फैसला सुनाया। अदालत ने सरकार से इस संबंध में विस्तृत जवाब मांगा है और अगली सुनवाई की तारीख में मामले को आगे सूचीबद्ध किया जाएगा।

....

<u>भाजपा संकल्प पत्र</u>

मण्डी नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा ने आज अपना संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा नेता व विधायक अनिल शर्मा ने संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि पार्टी का लक्ष्य मण्डी को आधुनिक सुरक्षित, व्यवस्थित और पर्यटन की दृष्टि से विकसित शहर बनाना है। उन्होंने कहा कि ये संकल्प पत्र केवल घोषणाओं का दस्तावेज नहीं बल्कि आने वाले पांच वर्षों में मण्डी नगर निगम के विकास की ठोस कार्ययोजना है।

....

<u>प्रचार</u>

प्रदेश में नगर निगम व स्थानीय शहरी निकायों सहित पंचायती संस्थाओं के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा ने जहां चार नगर निगमों सोलन, धर्मशाला, पालमपुर व मण्डी के चुनाव के लिए अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है वहीं कांग्रेस ने सोलन नगर निगम के

लिए घोषणा पत्र जारी किया है। दोनों ही पार्टियों ने अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार भी तेज कर दिया है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने बताया कि चारों नगर निगमों के कुल 64 वार्डों में भाजपा ने कांग्रेस से पहले अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है जबकि कांग्रेस को कई वार्डों में उम्मीदवार खोजने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार, सुरेश कश्यप व डॉक्टर राजीव भारद्वाज सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एकजुट होकर पार्टी द्वारा आयोजित बैठकों, सम्मेलनों, जनसभाओं और रैलियों का नेतृत्व कर रहे हैं।

....

<u>प्रचार–कांग्रेस</u>

नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस भी चुनाव प्रचार के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर लोगों से पार्टी के पक्ष में वोट की अपील कर रही है। पार्टी की प्रदेश मामलों की प्रभारी रजनी पाटिल ने आज मण्डी में नगर निगम चुनाव को लेकर विभिन्न वार्डों में चुनाव प्रचार कर लोगों से कांग्रेस को समर्थन देने की अपील की। इस बीच अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने सोलन में चुनाव प्रचार करते हुए मतदाताओं से कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि सोलन नगर निगम में पिछले पांच वर्षों में जो विकास कार्य चल रहे हैं उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा और लोगों की समस्याओं का निपटारा करते हुए नई योजनाएं लाकर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

....

<u>एचआरटीसी हड़ताल</u>

राज्य पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर आज शिमला में सरकार व निगम प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान निगम की चालक–परिचालक यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर आज कर्मचारियों के खातों में वेतन नहीं पहुंचा तो प्रदेश में बसें खड़ी कर दी जाएंगी। यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ने बताया कि बीते दिन हड़ताल की चेतावनी देने के बाद निगम प्रबंधन ने आनन–फानन में तीन डिपो के कर्मचारियों को वेतन जारी किया जबकि बाकी 27 डिपो के कर्मचारी अभी भी वेतन का इंतजार कर रहे हैं। यूनियन ने कहा है कि अगर अगले महीने से कर्मचारियों को एक तारीख को वेतन नहीं दिया गया तो वे उग्र आंदोलन करते हुए बस सेवाएं ठप्प करेंगे।

....